# प्रश्न बैंक

# हिन्दी

## कक्षा – 6

# पाठ - 1
# अभियान गीत

**निर्देश** नीचे लिखी पंक्तियों को पढ़िए और उनके रेखांकित शब्द के सही अर्थ छाँटकर उस पर सही का चिह्न बनाइए–

1. जिसके रजकण को हम ममता–समता से अपनाए हैं। यहाँ रजकण का मतलब है–
   अ. धूल के कण ब. मिट्टी के कण
   स. रुई के कण द. हवा के कण
2. जिसकी रक्षा में पुरखों ने अनगिनत शीश कटाये हैं। यहाँ अगणित का मतलब है–
   अ. अंकगणित ब. बीजगणित
   स. जिसे गिना न जा सके द. रेखागणित
3. जो वीरत्व विवेक समर में हम सैनिक दिखलायेंगे यहाँ समर का अर्थ है–
   अ. आंधी ब. तूफान
   स. झगड़ा द. युद्ध
4. सर गिर जाएँ किंतु न गिरने देंगे देश निशान को यहाँ निशान का अर्थ है–
   अ. झंडा ब. शान
   स. शानदार द. इशारा
5. जिसकी पूजा में सदियों से श्रम के फूल चढ़ाए हैं। यहाँ श्रम का अर्थ होगा–
   अ. आराम ब. हम
   स. मेहनत द. आलय

**निर्देश** 6. नीचे कुछ पर्यायवाची शब्द दिए गए हैं, उनके जोड़े सही कीजिए।

| | |
|---|---|
| अंधकार | वार |
| आकाश | गगन |
| दिन | विटप |
| सागर | तम |
| फूल | समुद्र |

धन्ना बड़ा <u>ईमानदार</u> बनता है किंतु सब जानते हैं कि हाथी के दाँत दिखाने के ही होते हैं। उस पर न जाने कितनों का <u>कर्ज़</u> चढ़ा है किंतु वह कर्ज़ चुकाना ही नहीं चाहता, बड़ा सीना तान कर चलता है। वह <u>पाई–पाई</u> के लिए <u>शीश</u> कटा लेगा किंतु अपनी पाई का भी बलिदान नहीं करेगा।

1. उपरोक्त उद्धरण में कुछ रेखांकित शब्द हैं उनका अर्थ लिखिए और अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

**दी गई कविता की अधूरी पंक्तियों को अपनी इच्छा अनुसार पूरी कीजिए।**

2. हम भारत के वीर सिपाही आगे बढ़ते जाएँगे।

मुश्किल ..........................................................

..........................................................................

..........................................................................

3. हम भारत देश के नागरिक हैं। अपने देश के प्रति हमारे कुछ कर्तव्य भी हैं। किन्हीं चार अनिवार्य कर्तव्यों को सोचकर लिखिए जो आपके लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।

**नीचे कुछ गद्य पंक्तियाँ दी गई हैं इन्हें कविता के रूप में लिखिए–**

4. बलिदान के अवसर पर हम सबसे आगे रहते हैं।
5. मैं भारत की धूल की कण अपने माथे पर लगा लूँगा।

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए व नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**

करीम अपने घर से बाहर निकला। उसने देखा मुहल्ले में चारो ओर काग़ज़ फैले हैं। चबूतरे पर लगे नल से पानी लगातार बह रहा है। करीम वापस अपने घर गया उसने झाड़ू उठाई और कचरा समेट कर कचरा पेटी में डाला, आसपास के काग़ज़ों को समेटा उन्हें भी यथास्थान डाला, नल की टोंटी बंद की और अपनी दुकान की ओर चल पड़ा।

6. करीम ने घर से निकल कर क्या देखा?
7. उसने कौन–कौन से काम किए?
8. मुहल्ले में गंदगी कौन फैलाता है?
9. करीम को यह सारे काम करने की क्या आवश्यकता थी?
10. क्या आप करीम को देशभक्त कहेंगे?
11. यदि आप करीम की जगह होते तो क्या करते?

**प्रदत्त कार्य :**

क. अपने क्षेत्र के कुछ शहीदों के बारे में जानकारी एकत्रित कीजिए एवं उन्हें लिखिए। यदि हो सके तो उनके चित्र भी एकत्रित कीजिए।

ख. पुस्तक में तो आपने अभियान गीत पढ़ा है इसी तरह के अन्य अभियान गीत कोई दो/ती ढूँढिए और लिखकर लाइए। उन्हें अपनी कक्षा में सुनाइए।

ग. जानवरों से संबंधित कुछ मुहावरे एकत्रित कीजिए और उन्हें अपने साथियों को भी बताइए। अपनी बातचीत में उनका उपयोग करने का प्रयास कीजिए।

# पाठ- 2
# सर्वधर्म समभाव

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न :

यदि ''हार'' का विपरीत अर्थ है ''जीत'' तो नीचे के उद्धरण को पढ़िए और रेखांकित शब्द के विलोम शब्दों को लिखिए ।

हमेशा <u>सच</u> बोलना <u>अच्छा</u> होता है किंतु कभी–कभी किसी की जान बचाने के लिए कहा गया <u>झूठ</u> भी बुरा नहीं कहलाता है। <u>अच्छाई</u> बुराई में तब्दील नहीं हो जाती, न ही इससे हमें पाप लगता है और हमारा <u>पुण्य</u> कम हो जाता है। इससे हमारा <u>आदर</u> बढ़ता है। इस बात से हमारा अनादर नहीं होता। इसे हमेशा याद रखिए।

1. अच्छा  2. अच्छाई  3. झूठ
4. पुण्य  5. आदर  6. सच

### नीचे वाक्य दिए गए हैं। उनके लिंग समझकर लिखिए।

**जैसे–** युद्ध हो रहा था। (पुल्लिंग)
लड़ाई हो रही थी। (स्त्रीलिंग)

7. सुबह से धुआँधार बारिश हो रही है।
सुबह से धुंआँधार पानी गिर रहा है।

8. तिरूवल्लुर ने यह कहा।
तिरूवल्लुर ने अपनी बात कही।

9. आँखों से आँसू गिर पड़े।
नेत्रों से आँसुओं की झड़ी लग गई।

10. वह युद्ध में हार गया।
उसे युद्ध में मुँह की खानी पड़ी।

11. राणाप्रताप ने कई तरह की लड़ाईयाँ लड़ी।
राणाप्रताप युद्ध मैदान में लड़ाई करने गए।

12. यदि आप कहीं जा रहे हों और आपको कोई घायल व्यक्ति रास्ते में पड़ा दिख जाए तो आप उसके लिए क्या–क्या कार्य करेंगे कि उसका भला हो जाए?

13. यदि युद्ध में शत्रु सैनिक पर दया न दिखाना राष्ट्रधर्म है तो युद्ध समाप्ति के पश्चात उसी शत्रु सैनिक को पानी पिलाना मानव धर्म माना जाता है। ऐसा क्यों माना जाता है? आप अपने विचार लिखिए।

14. ईश्वर अल्लाह तेरे नाम, सबको सन्मति दे भगवान। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के इस भजन में कौन सा भाव छिपा हुआ है? अपने विचार लिखिए।

15. जिस तरह एक माला मे कई तरह के फूल गूँथकर सुन्दर हार/माला बनाई जाती है। उसी तरह हमारा भारत देश भी एक सुन्दर माला के समान है। इस कथन का क्या आशय है?

# पाठ - 3
# टोकरी भर मिट्टी

**वस्तुनिष्ठप्रश्न :**

1. अनाथ शब्द का अर्थ है–

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ. | जिसके माता–पिता जीवित न हों | ब. | जिसके हाथ न हों |
| स. | जिसके माता–पिता जीवित हों | द. | जिसका कोई रखवाला न हो |

2. विधवा शब्द का अर्थ है–

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ. | जिसके पति की मृत्यु न हुई वह स्त्री | ब. | विद्या प्राप्त कर चुकी स्त्री |
| स. | विधिपूर्वक कार्य करने वाली स्त्री | द. | जिसके पति की मृत्यु हो गई हो वह स्त्री |

3. थैली गरम करना मुहावरे का अर्थ है–

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ. | थैली में गरम पानी डालना | ब. | थैली का धूप में सुखाना |
| स. | रिश्वत देना | द. | रिश्वत लेना |

4. आंखें खुलना मुहावरे का अर्थ है–

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ. | बंद आंखों का खुलना | ब. | सच्चाई का ज्ञान हो जाना |
| स. | दूरबीन से देखना | द. | काना हो जाना |

5. धन–मद से ज़मींदार .................... हो गए थे–

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ. | गर्वित | ब. | पीड़ित |
| स. | लज्जित | द. | सज्जित |

6. मृतप्राय शब्द का अर्थ है–

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ. | मृत्यु हो जाना | ब. | मृत्यु के पास जाने वाला |
| स. | मृत जैसा | द. | मरा हुआ व्यक्ति |

7. महाराज क्षमा करें। इस वाक्य का अर्थ है–

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ. | महाराज दया करें। | ब. | महाराज माफ करें। |
| स. | महाराज कृपा करें। | द. | महाराज आदेश करें। |

8. 'मैंने यह सोचा है' का भविष्यत् काल होगा–

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ. | मैं यह सोचता था | ब. | मैं यह सोच रहा था |
| स. | मैं यह सोचूँगा | द. | मैं यह सोचता था |

9. उसने अपनी टोकरी मिट्टी से–

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ. | भर लिए | ब. | भर लिया |
| स. | भर दिया | द. | भर ली |

10. पश्चाताप के लिए कौन सा शब्द चुनेंगे–

अ. पछतावा ब. पिछवाड़ा स. पश्च–आतप द. पछुआ हवा

11. ज़मींदार के .................. के पास विधवा की झोपड़ी थी–

अ. तालाब ब. बगीचा स. महल द. कुएँ

12. विधवा ने टोकरी ...................... से भर ली–

अ. मिट्‌टी ब. फलों स. रेत द. सब्ज़ियों

13. ज़मींदार ने .................... की थैली गरम कर दी–

अ. वकीलों ब. जजों स. पंचों द. व्यापारियों

### 1. निम्नांकित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए –

अ. पोते की बहू ब. घास–फूस या मिट्‌टी से बना छोटा घर

स. बूढ़ा आदमी द. जिसका पति जीवित न हो

च. किए जाने योग्य कार्य

### 2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसमें से 5 मुहावरे छाँटकर अलग कीजिए –

पतोहू भी एक पांच बरस की कन्या छोड़कर चल बसी थी। अब यही उसकी पोती इस वृद्धकाल में उसका एक मात्र आधार थी। जब कभी उसे अपनी पूर्व स्थिति की याद आती तो मारे दुःख के फूट–फूटकर रोने लगती थी और जबसे उसने अपने श्रीमान पड़ोसी की इच्छा का हाल सुना तब से वह मृत प्राय हो गयी थी। झोपड़ी मे उसका मन लग गया था। बिना मरे वह वहां से निकलना नहीं चाहती थी। श्रीमान के सब प्रयत्न निष्फल हो गए तब वे ज़मींदरों वाली चाल चलने लगे। बाल की खाल निकालने वाले वकीलों की थैली गरम कर उन्होंने अदालत में झोपड़ी पर कब्ज़ा कर लिया।

### 3. निम्नांकित शब्दों का अपने वाक्यों मे प्रयोग कीजिए।

अ. स्मरण ब. गिड़गिड़ाना स. लज्जित द. क्षमा च. आंतरिक

### 4. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए

अ. भरोसा ब. विनती स. क्षमा द. आज्ञा च. लज्जित

### 5. निम्नांकित शब्दों से कोई पांच स्त्रीलिंग शब्द छाँटकर लिखिए

1. स्मरण 2. झोपड़ी 3. टोकरी 4. धारा
5. रोटी 6. नौकर 7. प्रयत्न 8. आज्ञा
9. भरोसा 10. कृपा 11. हाथ 12. घर

6. विधवा झोपड़ी क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी?

7. झोपड़ी और घर में अंतर बताओ।

8. महल और घर मे अंतर बताइए।

अ. कृपा करके इस टोकरी को हाथ लगा दीजिए।

तथा

ब. वह बार–बार हाथ जोड़ने लगी और पैरों में गिरने लगी तो उनके मन में कुछ दया आ गई।

इन दोनों वाक्यों में प्रयुक्त शब्द कृपा और दया का उपयोग अन्य वाक्यों में अलग–अलग कीजिए।

**प्रदत्त कार्य :**

1. आज का समय होता और बुढ़िया के स्थान पर आप होते तथा ज़मींदार के स्थान पर कोई धनी फैक्टरी मालिक तो ऐसी घटना पर आप क्या करते? अपना उत्तर सोच–विचार कर लिखिए।
2. ज़मींदारी प्रथा के बारे में आप क्या जानते हैं, अपने शब्दों में लिखिए।
3. ज़मींदार फसल और ज़मीन पर लगान वसूल करते थे। यह लगान एक प्रकार का कर होता था। आप कितने प्रकार के करों के बारे में जानते है उनकी एक सूची बनाइए।
4. पश्चाताप या क्षमा पर एक कहानी लिखिए।

# पाठ- 4
# बरखा आथे

## वस्तुनिष्ठप्रश्न :

### खाल्हे लिखाए कविता के लाइन म सही शब्द लिखव।

1. बजत रहिथे झिमिर–झिमिर
   रोज ..................... बादर के।

2. जोत .................. के तारा अस
   जुग–जुग बरथे अँधियारी म।

3. .................... के चिट्ठी ले के
   बादर दुरिहा–दुरिहा जाथे।

4. कहूँ जरी ह लाये होही
   बरबट्टी ह .................. होही।

5. जतका पानी ........................ ल
   तरिया तीर पियास मांगथे।

### हिन्दी म का कहिथें बतावव :

6. सोन
7. माटी
8. नँगारा
9. उदुप ले
10. बखरी
11. रमकेरिया

## लघुउत्तरीय प्रश्न :

1. लइका–पिचका दू ठन शब्द ले बने हे, अउ एक संघरा लिखे–बोले जाथे एमा के एक ठन शब्द अरथ वाले अउ दूसर बिन अरथ वाले हे। अइसनहे पाँच ठन शब्द सोच के लिखव।
2. बरखा आए ले किसान मन कोन–कोन काम ल करे बर धरथें। पाँच ठन काम ल बतावव।
3. बरखा आए ले तुमन काय करथौ? पाँच ठन के नाँव लिखव।
4. सोन बनाय बर माटी ल के का मतलब हे?
5. हवा बही कस में कवि ह हवा ल 'बही' काबर केहे होही?

6. अब लक्ष्मी ह साँस भाँजथे क का मलतब हे?

7. पानी गिरथे झिमिर–झिमिर अइसने दिए गे क्रिया मन संग का ध्वनि उपयोग म आथे?
बादर गरजथे
बिजली चमकथे
जोगनी बरथे
बइला गाड़ी चलथे
हवा चलथे

**प्रदत्त कार्य :**

1. बरसात के ऊपर एक ठन निबंध लिखव जेन मा बतावव के बरसात कब आथे? आए के पहिली कइसन दसा रहिथे? आए के बाद का बदलाव आथे? का–का काम करे जाथे? का–का के मँजा आथे? का–का पहिरे ओढ़े जाथे। का–का खाए ल मिलथे? का तिहार के मँजा रहिथे? का–का परेसानी होथे? अउ हमन ला ए मौसम म का–का करे बर चाही, का नइ करना चाही?

2. बरसात के उपर लिखे छत्तीसगढ़ी कविता ल याद कर लिखव।

3. बरखा उपर लिखे हिन्दी कविता ल याद करके लिखव।

4. खाल्हे लिखाए शब्द मन के ऊपर टिप्पणी लिखव।
अ. बरसात ब. इंद्रधनुष स. छाता/खुमरी द. पूरा (बाढ़)

# पाठ-5
# सरलता और सहृदयता

**सही कथन पर सही ( ✓ ) का निशान लगाइए।**

1. क. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भारत के प्रथम राष्ट्रपति थे।
   ख. डॉ. राजेन्द्र प्रसारद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे।
   ग. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भारत के प्रथम न्यायाधीश थे।
   घ. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भारत के प्रथम मुख्यमंत्री थे।

2. क. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद अपने नौकर को बाबा कहते थे।
   ख. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद अपने नौकर को चाचा कहते थे।
   ग. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद अपने नौकर को काका कहते थे।
   घ. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद अपने नौकर को बाबू कहते थे।

3. क. राजेन्द्र बाबू के नौकर ने कीमती गुलदस्ता तोड़ दिया।
   ख. राजेन्द्र बाबू के नौकर ने कीमती कमलदान तोड़ दिया।
   ग. राजेन्द्र बाबू के नौकर ने कीमती गमला तोड़ दिया।
   घ. राजेन्द्र बाबू के नौकर ने कीमती आईना तोड़ दिया।

4. क. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद स्वभाव से बड़े उदार थे।
   ख. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद स्वभाव से बड़े कठोर थे।
   ग. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद स्वभाव से बड़े क्रोधी थे।
   घ. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद स्वभाव से बड़े कृपण थे।

5. क. राजेन्द्र बाबू ने अपने नौकर से गुलदस्ते की कीमत मांगी।
   ख. राजेन्द्र बाबू ने अपने नौकर से नया कमलदान मांगा।
   ग. राजेन्द्र बाबू ने अपने नौकर से नया गमला मांगा।
   घ. राजेन्द्र बाबू ने अपने नौकर से क्षमा मांगी।

### विलोम शब्दों की सही जोड़ियाँ बनाइए :

| | | |
|---|---|---|
| 6. | दुर्लभ | अनुदार |
| 7. | उदार | सुलभ |
| 8. | साधारण | सस्ता |
| 9. | कीमती | उत्तर |
| 10. | प्रश्न | असाधारण |

11. राजेन्द्र बाबू के घर की साफ–सफाई बूढ़े काका किया करते थे। आपके घर की साफ–सफाई कौन करता है?

12. अपने घर के काम–काज में आप किस तरह से सहयोग प्रदान करते हैं?

13. दिए गए चित्र को देखकर पाँच वाक्य लिखिए।



14. बड़ों से यदि कोई गलती हो जाती है तो वे उसे स्वीकार कर लेते हैं? वे अपनी गलती क्यों स्वीकार कर लेते होंगे?

15. गाँधीजी अपना काम अपने हाथ से किया करते थे। आप अपने कौन–कौन से कार्य स्वयं करते हैं? उसकी सूची बनाइए।

### पोर्टफोलियो :

- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का चित्र संकलित कर पोर्टफोलियो में रखिए।

# पाठ- 6
# दूँगी फूल कनेर के

### किन्हीं पाँच फूलों के नाम लिखिए, जिन्हें आप जानते हैं।

1. ............................................
2. ............................................
3. ............................................
4. ............................................
5. ............................................

### दिए गए शब्दों के तुक से तुक मिलाते हुए दो-दो शब्द लिखिए-

6. गाँव
7. बेर
8. हँसना
9. मेंल
10. साल

11. दिए गए वाक्यों को कविता की पंक्तियों के रूप में लिखिए।
    क. मेंरे गाँव आना, में तुम्हें कनेर के फूल दूँगी।
    ख. टीले ऊपर बेर के कई पेड़ है, चखते आना।

12. आपको यदि अपने किसी मित्र के गाँव जाने का मौका मिला तो आप किस आधार पर कहेंगे कि वह गाँव आपको अच्छा लगा या खराब? कोई दो बातें लिखिए।

13. बाबा ने था पेड़ लगाया,
    बापू ने फल खाए हैं।
    भाई कैसे उसे काटने,
    वो रहते ललचाए हैं।
    कविता की इन पंक्तियों में बालिका हमें क्या संदेश दे रही है?

14. आप अपने किसी मित्र को अपने गाँव में क्या–क्या दिखाना चाहेंगे? पाँच वाक्यों में लिखिए।

15. प्रदत्त गाँव, नदी, नाव, खेत, रेत शब्दों को लेकर एक छोटी–सी कविता लिखिए।

# पाठ- 7
# खरा इंसान

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न :**

1. साँप का तत्सम रूप है
   क. सँपेरा ख. नाग ग. सर्प घ. सांवला
2. मेंरे पास एक जहरीला साँप है। इस वाक्य में विशेषण है
   क. साँप ख. पास ग. मेंरे घ. जहरीला
3. गाँव के चारों ओर पानी ही पानी था। इस वाक्य में ओर का अर्थ है
   क. और ख. तरफ ग. पानी घ. बहुत
4. इनमें से प्रश्न वाचक वाक्य है –
   क. कैलाश को साँप पालने वाले का शौक था। ख. साँप जहरीला नहीं था।
   ग. क्या डॉ. चड्ढा कठोर व्यक्ति थे? घ. कल ज़रूर दिखा दूँगा।
5. इनमें से तत्सम शब्द नहीं है
   क. प्रथम ख. गृह ग. घट घ. भगत
6. जो शब्द संस्कृत से जैसे के तैसे हिंदी में ले लिए गए हैं, वे कहलाते हैं
   क. तद्भव ख. उद्भव ग. तत्सम घ. उपसर्ग

**नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए और सही उत्तर पर सही ( ✓ ) का निशान लगाइए।**

एक दिन बाबा आमटे ने साहस जुटाकर एक बीमार व्यक्ति को घर ले जाकर उसकी देखभाल की। उन्होंने इसके बाद अपने को गरीब और बीमार लोगों की सेवा में समर्पित कर दिया। 1950 में उन्होंने एक कुष्ठ आश्रम खोला, उन्होंने इसका नाम आनंदवन रखा।

1. कुष्ठ आश्रम की स्थापना हुई–
   क. 1950 में ख. 1960 में ग. 1970 में घ. 1980 में
2. कुष्ठ आश्रम का नाम रखा गया–
   क. आनंदघन ख. आनंदवन ग. रघुनंदन घ. नंद–नंदन
3. बाबा आमटे ने किसकी सेवा में अपने को समर्पित कर दिया–
   क. अमीर और स्वस्थ ख. गरीब और स्वस्थ
   ग. गरीब और बीमार घ. अमीर और बीमार
4. बाबा आमटे एक दिन किसे लेकर घर आए–
   क. बीमार व्यक्ति ख. बीमार मित्र ग. बीमार खरगोश घ. बीमार बुढ़िया

**दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो–**

5. आपके विचार से खरे इंसान की परिभाषा क्या है?

6. खरा इंसान बनने के लिए आप अपने जीवन में किन–किन गुणों का समावेश करना चाहेंगे?

7. मान लीजिए आपके गाँव में किसी को साँप ने डस लिया, गाँव में केवल आपके पास ही कार है और उस आदमी से आपका झगड़ा हुआ था। आप उस आदमी को अपनी गाड़ी में अस्पताल पहुँचाएँगे? यदि हाँ तो क्यों यदि नहीं तो क्यों?

**1. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए ओर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तरों पर सही (✓) का निशान लगाइए।**

नीम छोटी, चमकदार हरी पत्तियों वाला एक बड़ा सदाबहार वृक्ष होता है। इसका तना सीधा होता है। इसकी छाल कठोर खुरदरी और पपड़ीदार होती है। इसमें बसंत ऋतु में छोटे–छोटे सफेद फूल खिलते हैं। संस्कृत में नीम का नाम अरिष्ठ है, जिसका अर्थ है रोगों से मुक्ति देने वाला। यह चमत्कारी वृक्ष के नाम से भी जाना जाता है। नीम के बीजों से तेल निकाला जाता है। यह तेल चर्म रोगों के उपचार में काफी प्रभावशाली होता है। भारत में लोग नीम की टहनी का उपयोग अपने दाँत साफ करने के लिए करते हैं। नीम की सूखी पत्तियों का उपयोग लकड़ी की अलमारियों को तिलचट्टे और कीटों से बचाने के लिए भी किया जाता है।

1. नीम की छाल कैसी होती है ?

   क. चिकनी और हरी — ख. खुरदरी और पपड़ीदार

   ग. मुलायम और पपड़ीदार — घ. कठोर और हरी

2. अरिष्ठ शब्द का अर्थ है–

   क. जीवन देने वाला — ख. चमत्कार करने वाला

   ग. दवा देने वाला — घ. बीमारी दूर करने वाला

3. नीम की सूखी पत्तियाँ अलमारियों में क्यों रखी जाती है ?

   क. उन्हें साफ रखने के लिए — ख. कपड़ों की सफाई के लिए

   ग. कीटों से बचाव के लिए — घ. छिपकलियों से बचाव के लिए

4. नीम के बीजों का तेल काम आता है–

   क. आँत के रोगों में — ख. आँखों के रोगों में

   ग. चर्म रोगों में — घ. मोच आने पर

5. नीम का वृक्ष है–

   क. पतझड़ — ख. सूखा

   ग. अनुपयोगी — घ. सदाबहार

# पाठ- 8
# हेलन केलर

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न :**

**सही उत्तर पर सही (✓) का निशान लगाइए।**

1. नेत्रहीनों के पढ़ने-लिखने के लिए बनी लिपि को ............................ कहते हैं।

क. रोमन लिपि | ख. ब्रेल लिपि
ग. देवनागरी लिपि | घ. ब्राह्मी लिपि

2. नेत्रहीनों के लिए बनाई गई लिपि का आविष्कार ............................ था।

क. लुई सोलहवाँ | ख. जार्ज पंचम
ग. जार्ज वाशिंगटन | घ. लुई ब्रेल

3. "विकलांग लोग कोई भी काम ठीक से नहीं कर पाते"। यह कथन–

क. पूर्णतः सत्य है | ख. पूर्णतः असत्य है
ग. कुछ सत्य है | घ. कुछ असत्य है

4. निः शक्त (आँख व कान से) होते हुए भी इस महिला ने अपना नाम दुनिया में रोशन किया–

क. कल्पना चावला | ख. हेलन केलर
ग. मेंडम क्यूरी | घ. मेंडम कामा

5. भारत की इस महिला ने विकलांग होते हुए भी नृत्य के क्षेत्र में नाम कमाया–

क. रमा चंद्रन | ख. सुधा चंद्रन
ग. कमला चंद्रन | घ. सोनल सिंह

6. हेलन को अपनी गुड़िया बहुत प्रिय थी। इस वाक्य में कारक चिह्न है–

क. को | ख. बहुत
ग. अपनी | घ. थी

7. निशा, रजनी ये दोनों शब्द पर्यायवाची हैं–

क. माता के | ख. रात के
ग. फूल के | घ. दिन के

8. किस वाक्य में विराम चिह्न का उचित प्रयोग हुआ है–

क. अरे दीप्ति तुम। यहाँ कब ? आई। | ख. अरे! दीप्ति, तुम यहाँ कब आई?
ग. अरे दीप्ति तुम यहाँ कब। आई? | घ. अरे दीप्ति तुम यहाँ कब आई

9. निःसंदेह शब्द बना है–

क. नि + संदेह | ख. निस + संदेह
ग. निस्सम + देह | घ. निः + संदेह

10. हिंदी की कक्षा में अध्यापिका ने .............. पढ़ाया। कृपया मुझे भी बताओ।
    क. क्यों    ख. किसके लिए
    ग. क्या    घ. कब
11. ब्रेल लिपि से आप क्या समझते हैं ?
12. निम्नलिखित दो शब्दों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए।
    क. निराश    ख. अनाथालय
13. नीचे दिए गए वाक्यों में उचित विराम चिह्नों का प्रयोग कीजिए।
    क. धीरे धीरे सलीकान ने हेलन को ब्रेल लिपि सिखा दी
    ख. हेलन को नाव खेने, तैरने और घुड़सवारी का शौक था
14. सोचकर लिखिए कि एक नेत्रहीन व्यक्ति का दैनिक जीवन में क्या–क्या कठिनाइयां आती होंगी ?
15. यदि आपकी कक्षा में एक नेत्रहीन विद्यार्थी है तो आप उसके साथ कैसा व्यवहार करेंगे ?
16. आपको किसी ऐसे व्यक्ति से मिलने का मौका मिले जिसे दिखाई न देता हो, तो आप उसके संसार के विषय में क्या–क्या प्रश्न पूछ सकते हैं ?

**प्रदत्त कार्य :**

17. हम अपनी पाँचों इंद्रियों में से आँखों का इस्तेमाल सबसे ज़्यादा करते है। ऐसी चीज़ों के अहसासों की तालिका बनाइए जो आप बाकी चार इंद्रियों से महसूस करते हैं

| सुनकर | चखकर | सूँघकर | छूकर |
|---|---|---|---|
| | | | |

# पाठ 9

# नीति के दोहे

**वस्तुनिष्ठ :**

1. निम्नलिखित शब्दों के विरुद्धार्थी शब्द लिखिए –

अ. विवेक – .................................. ब. हर्ष – ..................................

स. लघु – .................................. द. हित – ..................................

ई. कठोर – ..................................

2. सोना का पर्यायवाची शब्द है –

क. स्वर्ण ख. रजत ग. काँस्य घ. लौह

3. मनुष्य का जन्म कैसा है –

क. दुर्लभ ख. सुलभ ग. दुर्गम घ. अगम

4. तुलसीदास ने वशीकरण मंत्र कहा है –

क. खट्टे वचन ख. मीठे वचन ग. तीखे वचन घ. कठोर वचन

5. नीचे दिए गए शब्दों के तत्सम रूप लिखिए –

अ. सनेह – .................................. ब. धूरि – ..................................

स. जनम – .................................. द. रतन – ..................................

ई. मेंह – ..................................

**नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

1. तुलसीदास के अनुसार हमें कैसे स्थान पर नहीं जाना चाहिए?
2. पेड़ अपने फल नहीं खाता और नदी अपना जल नहीं पीती क्यों?
3. आज का काम कल पर क्यों नहीं टालना चाहिए?
4. कविता की पंक्ति को पूरा करो –

   बड़ा हुआ तो क्या हुआ ..............................................................

   पंथी को छाया नहीं ..............................................................
5. आप समय का सद्उपयोग किस प्रकार करते हैं? पाँच लाईन लिखिए।
6. अपने मन की व्यथा सबको क्यों नहीं बताना चाहिए?
7. रहीम सुई और तलवार के माध्यम से क्या बताना चाहते हैं?

# पाठ-10
# समय नियोजन

1. समयाभाव शब्द किन दो शब्दों से मिलकर बना है ?

   अ. समय + अभाव     ब. सम + अभाव

   स. समय + भाव     द. सम् + अभाव

2. शिवालय शब्द किन दो शब्दों से मिलकर बना है ?

   अ. शिव + आलय     ब. शिवा + लय

   स. शिवा + आलय     द. शिव + लाय

3. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द गृह का तद्भव रूप है ?

   अ. मकान     ब. घर

   स. आवास     द. बसेरा

4. नीचे लिखे शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।

   अ. आदर     ब. सदाचार

   स. उत्साह     द. नया     ई. अंदर

5. नीचे दिए गए शब्दों के वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

   अ. अनुशासन     ब. सड़क

   स. अधिकतर     द. प्रणाम     ई. व्यायाम

### लघुउत्तरीय प्रश्न

1. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

अकबर को लगा जैसे किसी ने उन्हें आसमान पर पटक दिया हो। आदमी की नीयत में फर्क आने से क्या पेड़–पौधों पर भी असर पड़ता है। उन्हें लगा जैसे वह मामूली किसान एक बादशाह को इंसानियत का पाठ पढ़ा रहा है। जहाँ नीयत अच्छी है वहाँ बरकत होती है। भंडार भरा रहता है। लालच और छोटापन आदमी को कभी सुखी नहीं बनाते।

अकबर ने कहा ''भाई तुम जानते हो, में कौन हूँ?'' किसान संशयपूर्वक बादशाह की ओर देखने लगा। ''में बादशाह अकबर हूं।''

किसान ने घबरा कर पूछा ''मेंने कोई गलत बात तो नहीं कह दी?''

नहीं तुमने मुझे वह बात सिखाई है जो बड़े–बड़े विद्वान गुरु भी अपने शासकों को नहीं सिखा पाते। आज से तुम्हारे खेत का लगान बिल्कुल माफ किया। जाओ, इस बार लोटा भरकर रस ले आओ।

किसान फिर से खेत में गया। इस बार फिर से एक ही गन्ने के रस से लोटा भर गया। वह खुश होकर दौड़ा आया। उसने लोटा आगे बढ़ा दिया। अकबर ने रस पीया। फिर पीपल का एक पन्ना उठाकर बोले '' हम इस पर तुम्हें दो गाँव देने का हुक्म लिख रहे हैं। कल आगरा आना और पक्का काग़ज़ लिखवा लेना। तुम्हारे खाने–पीने का इंतज़ाम इन गाँवों की आमदनी से हो जाएगा।''

1. जहां नीयत अच्छी है, वहाँ क्या होता है ?
   - क. ख़ुशी होती है। ख. बरकत होती है।
   - ग. दु:ख होता है। घ. कमी होती है।
2. भाई तुम जानते हो, में कौन हूँ ? किसने कहा।
   - क. अकबर ने ख. शाहजहां ने
   - ग. बीरबल ने घ. जहांगीर ने
3. बदशाह ने किसान से क्या माफ करने को लिए कहा ?
   - क. छुकान ख. लगान
   - ग. मकान घ. बग़ान
4. किसान फिर से कहाँ गया ?
   - क. पार्क में ख. खेत में
   - ग. दुकान में घ. मकान में
5. बादशाह ने किसान को कहाँ आने के लिए कहा।
   - क. रायपुर ख. दिल्ली
   - ग. आगरा घ. लखनऊ

## नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए

1. समय का महत्व पर दस वाक्य लिखिए।
2. विद्यार्थी के जीवन में समय का क्या महत्व है?
3. समय धन के समान है। ''समय नियोजन पाठ के आधार पर समझाइए''
4. स्टेशन पर पहुँचते ही, गाड़ी छूट जाने के कारण आप गाड़ी में बैठ नहीं पाते, उस समय आप क्या महसूस करते हो। लिखिए।
5. जीवन में सुख, समृद्धि और सफलता किसको मिलती है?

# पाठ - 11
# दू ठन नान्हें कहानी

### निम्न लिखित छत्तीसगढ़ी शब्दों के हिन्दी अर्थ लिखिए –

1. सुग्घर
2. बगराना
3. नीक
4. निचट
5. झिंगुरा

### खाली स्थान में सही शब्द चुनकर भरिए।

6. हीरा ह .............................. रतन आय। सस्ती / महंगी
7. ओस के बूंद ह ........... कस चमकथे। मोती / काँच
8. दाई–ददा के रतन ........................ ह होथे। भगवान / संतान
9. जेन बनी–भुती करथे ओला ............. कहिथे। बनिहार / मनिहार
10. संझा के बादर ह .......... कस पिंवरा हो जथे। सोन / माटी
11. दाई–ददा मन अपन संतान ले का चाहथे? कोई दू बात लिखव।
12. आपमन अपन दाई–ददा के कोन–कोन काम म मदद करथो? सुरता करके लिखव।

# पाठ - 12
# अमर शहीद भगतसिंह के पत्र

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. सही विकल्प चुनिए।

1. इंकलाब ज़िंदाबाद नारा किसने दिया था–

अ. महात्मा गांधी    ब. सरोजनी नायडू    स. सरदार भगत सिंह    द. जवाहर लाल नेहरू

2. इंकलाब शब्द का हिन्दी मायने होगा–

अ. स्याही    ब. क्रांति    स. भूकंप    द. कहानी

3. आश्चर्य शब्द का मायने है–

अ. अचरच    ब. दिनचर्या    स. आशा    द. इच्छा

4. इजाज़त शब्द का हिंदी मायने है–

अ. सम्मान    ब. अनुमति    स. आदेश    द. खुशी

5. नुकसान शब्द का हिंदी मायने है–

अ. नाक    ब. नाक की शान    स. हानि    द. लाभ

2. **निम्नांकित शब्दों में से उर्दू के शब्द छाँटकर अलग करो–**

बलिदान, प्रार्थना, क़ैदी, इजाज़त, जीवित, ज़िदा, ज़ाहिर, सौभाग्यशाली, तादाद, आरज़ू, हसरत, अंतिम, बेताबी, मुलाकाल, शक्ति, दुःख, प्रतीक, विवश, परेशानी, पाबंदी, आशा, कमज़ोरी, आदर्श, नज़दीक, परीक्षा

1. सौभाग्यशाली एक शब्द है जिसमें शाली शब्द प्रत्यय के रूप में प्रयोग में लाया गया है। ऐसे ही पाँच शब्द शाली प्रत्यय लगाकर बनाइए।

2. इन शब्दों का अपने वाक्यों मे प्रयोग कीजिए।

धृष्टता    इजाज़त    पाबंदी    प्रतीक    बेताबी

3. निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिए।

क्रांति    फांसी

4. इन प्रश्नों क उत्तर सोच विचार कर लिखिए।

अ. भगत सिंह विवाह क्यों नहीं करना चाहते थे?

ब. भगत सिंह किन शर्तों पर ज़िंदा रहना चाहते थे और क्यों?

5. आशय स्पष्ट कीजिए।

अ. अंतिम परीक्षा    ब. शैतानी शक्तियाँ

**प्रदत्त कार्य –**

1. अपने मित्र को एक पत्र लिखिए। जिसमें आप क्या बनना चाहते हैं और उसके लिए आप क्या तैयारियाँ कर रहे हैं। इस बात का उल्लेख हो। ऐसा करने में आपको पेश आने वाली चुनौतियों और परेशानियों के बारे में भी लिखिए।
2. भगत सिंह पर एक छोटा निबंध लिखिए।
3. भारत के क्रांतिकारियों के नाम लिखिएं।
4. भारत के स्वतंत्रता संग्राम पर एक निबंध लिखिए।

# पाठ- 13
# मेरा नया बचपन

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न :**

वस्तु, प्राणी, स्थान आदि के कुछ गुण होते हैं। सभी गुण, रूप, रंग, आकार, अवस्था, गणना आदि से संबंधित होते हैं। इन सभी गुणों को स्पष्ट करने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं। नीचे कुछ पंक्तियाँ दी गई हैं। उन्हें पढ़कर उनके गुण/विशेषण को रेखांकित कीजिए–

1. बार–बार आती है मुझको, मधुर याद, बचपन तेरी।
2. वह भोली सी मधुर सरलता, वह प्यारा जीवन निष्पाप।
3. बड़े–बड़े मोती से आँसू, जयमाला पहनाते थे।
4. उसकी मंजुल मूर्ति देखकर, मुझमें नवजीवन आया
5. आजा बचपन, एक बार फिर दे–दे अपनी निर्मल शांति।

**दिए गए शब्दों को चुनकर रिक्त स्थानों पर रखिए –**

सुधा, आँसू, बरसों से, मिटाने, छुआछूत

6. व्याकुल व्यथा ..................... वाली, अपनी वह प्राकृत विश्रांति।
7. किए दूध के कुल्ले मैंने, चूस अगूँठा ..................... पिया।
8. ऊँच–नीच का ज्ञान नहीं था, ......................... किसने जानी?
9. बड़े–बड़े मोती से ......................, जयमाला पहनाते थे।
10. जिसे खोजती थी ......................, अब जाकर उसको पाया।

**नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो–**

11. मनुष्य जीवन की तीन अवस्थाएँ हैं, बचपन, युवावस्था और वृद्धावस्था यानि बुढ़ापा। इनमे से बचपन की अवस्था बड़ी मधुर और अच्छी होती है। क्या आपको भी ऐसा ही लगता है? अगर हां तो कैसे और नहीं तो क्यों?
12. आपकी माता आपको बहुत स्नेह करती है। अपनी माता पर पाँच पंक्तियाँ लिखिए जो उनके स्नेह को दर्शाती हैं।
13. यदि आपको अपने पिता के बचपन के बारे में लिखना हो तो आप उनमें कौन–कौन सी वे सारी बातें देखते हैं जो आपमें भी है? किन्हीं पाँच बातों को लिखिए।

**नीचे कुछ पंक्तियां दी गई हैं। उन्हे पढ़िए और बताइए कि इनमें कौन–सी पंक्ति में उपमा अलंकार है और कौन–सी में अनुप्रास अलंकार है।**

14. चरण कमल सम कोमल
15. उसकी मंजुल मूर्ति मधुर–मधुर सी
16. फूल सी कोमल बेटी मेरी
17. वज्र सा कठोर तन है उसका

**निर्देश** नीचे कुछ शब्द दिए जा रहे हैं। उनके उपसर्ग को पहचानकर लिखिए–

1. विशेष 2. अनुमान 3. प्रबल 4. भरपेट 5. कुमार्ग

6. 'वि' उपसर्ग लगाकर कोई चार नए शब्द बनाइए

7. कविता में छोटी बच्ची खाओ को काओ कहती है। ऐसे चार शब्द लिखिए जिन्हें छोटे शिशु तुतलाते हुए बोलते हैं।

**प्रोजेक्ट**

1. कवयित्री श्रीमती सुभद्रा कुमारी चौहान की तरह अन्य कवियों ने भी बचपन पर कुछ कविताएँ लिखी हैं। अपनी पसंद की कोई दो कविताएँ लिखकर लाइए।
2. उपमा अलंकार के कुछ सुन्दर उदाहरणों वाली पंक्तियां लिखिए।
3. अपने घर के नन्हें/नन्हीं की सुन्दर प्यारी प्यारी सी फोटो खींचकर उसका एक एलबम तैयार कीजिए।

# पाठ-14
# छत्तीसगढ़ का वैभव

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

### निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही का चिह्न लगाकर दो

1. छत्तीसगढ़ में सबसे ज़्यादा उपज होती है –
   अ. धान की　　ब. गेंहू की
   स. चना की　　द. मक्का की
2. इंद्रावती नदी किस राज्य में बहती है–
   अ. महाराष्ट्र　　ब. उत्तरप्रदेश
   स. छत्तीसगढ़　　द. आन्ध्रप्रदेश
3. 1 नवम्बर 2000 को किस राज्य का गठन किया गया।
   अ. केरल का　　ब. पंजाब का
   स. महाराष्ट्र का　　द. छत्तीसगढ़ का
4. विष्णु भगवान की पूजा किस धर्म को मानने वाले करते हैं ?
   अ. सिख धर्म　　ब. ईसाई धर्म
   स. हिन्दू धर्म　　द. मुस्लिम धर्म

### रिक्त स्थान की पूर्ति दिए गए शब्दों से कीजिए –

5. होली का त्यौहार.................. महीने में मनाया जाता है
   अ. कार्तिक　　ब. फागुन
   स. अगहन　　द. माघ
6. बत्तीस खम्भों वाला मंदिर ............................. स्थित है।
   अ. बिलासपुर में　　ब. बलरामपुर में
   स. बारसूर में　　द. जशपुर में
7. पोला त्योहार के दिन ................................ की पूजा की जाती है।
   अ. गाय　　ब. भैंस
   स. बैल　　द. बकरे
8. राजीव लोचन का प्रसिद्ध मंदिर ................. में स्थित है।
   अ. रायगढ़　　ब. रायपुर
   स. राजिम　　द. रामपुर

### निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही (✓) चिह्न लगाकर दीजिए

1. द्वंद्व समास है –

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ. | त्रिभुज | ब. | महात्मा |
| स. | सत्याग्रह | द. | राम–रहीम |

2. अव्ययीभाव समास है –

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ. | उद्योगपति | ब. | चतुरानन |
| स. | आजीवन | द. | चंद्रमुख |

3. नियमानुसार सत + जन निम्न में से कौन सी संधि है –
   - अ. व्यंजन संधि
   - ब. स्वर संधि
   - स. विसर्ग संधि
4. विसर्ग संधि है –
   - अ. निर्धन
   - ब. महर्षि
   - स. स्वागत

### निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

1. आपके यहाँ कौन–कौन से त्योहार मनाए जाते हैं?
2. छत्तीसगढ़ राज्य के किन्हीं पाँच ज़िलों के नाम लिखिए।
3. पंडवानी गीत में किसकी कथा का वर्णन किया जाता है?
4. अक्ती के दिन किसका विवाह किया जाता है?
5. निम्नलिखित वाक्य में कौन सा काल है, लिखिए
   - अ. नमन सुबह होते ही मंदिर जाएगा।
   - ब. रूपाली गाना गा रही है।
   - स. गणित के सवाल कठिन थे।

### निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

6. गिरौधपुरी ग्राम किसकी जन्मभूमि है? उनके संबंध में आप क्या जानते हैं? लिखिए।
7. उत्तरप्रदेश की किसी एक नदी का नाम लिखते हुए, उसकी विशेषताएँ लिखिए।

# पाठ-15
# आज़ादी और रोटी

**रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए सही विकल्प छांटिए और सही उत्तर पर सही (✓) का निशान लगाइए।**

1. आमतौर पर आदमी .................... के न मिलने पर दुर्बल हो जाता है।
   अ. हवा　　ब. पानी
   स. भोजन　　द. घूमने
2. ताकतवर शब्द में प्रत्यय है–
   अ. आई　　ब. ई
   स. आइन　　द. वर
3. कुत्ते की गर्दन में निशान ......................................... के कारण बन गया था।
   अ. पिंजरे के कारण　　ब. सांकल के कारण
   स. बहुत अधिक भार ढोने के कारण　　द. घूमने के कारण
4. कुत्ते के लाख समझाने पर भी भेड़िया ................................ ।
   अ. मान गया　　ब. अपने रास्ते चल दिया
   स. रूक गया　　द. रोने लगा
5. सांकल में कौन बंधा रहता था ?
   अ. भेड़िया　　ब. बंदर
   स. हाथी　　द. कुत्ता

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की क्रम संख्या पर सही (✓) का निशान लगाओ।**

6. इनमें से प्रश्नवाचक वाक्य है –
   अ. सच कह रहे हो?　　ब. शहरों मे कम जगह होती है।
   स. ऐसी बात तो नहीं है।　　द. भेड़िया अपने रास्ते चल दिया।
1. इनमें से तत्सम–तद्भव की सही जोड़ी है –
   अ. भक्ति–भक्ति　　ब. ओष्ठ–होंठ
   स. वर–वधू　　द. आश्चर्य–विस्मय
2. दोस्त शब्द की भाववाचक संज्ञा 'ई' लगाकर दोस्ती बनती है। दुश्मन से भाववाचक संज्ञा बनेगी।
   अ. शत्रुता　　ब. दुश्मनी
   स. मैत्री　　द. दुश्मनता

3. शहरों में कम जगह होती है न। यहां 'न' शब्द का प्रयोग नहीं के अर्थ में नहीं है। ऐसा ही एक वाक्य है –

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ. | मैं वह काम कर न सका। | ब. | मोहन मिठाई ले न जा सका। |
| स. | तुम यह सामान उठा लोगे न। | द. | गीता पढ़ने नहीं जा पाएगी। |

4. 'वारिस' के समान अर्थ वाला शब्द है–

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ. | बारिश | ब. | पुत्री |
| स | पुत्र | द. | उत्तराधिकारी |

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

5. आमतौर पर आदमी या जानवर किसकी कमी से दुर्बल हो जाता है?
6. आपके घर में आपने किसी पक्षी अथवा जानवर को पाला होगा। वह पिजरें में या ज़ंजीर से बंधा हुआ कैसा महसूस करता होगा?

**दीर्घउत्तरीय प्रश्न**

7. नीचे दी गई पंक्तियों के भाव स्पष्ट कीजिए –

देश हमारा सबसे न्यारा, प्यारा देश महान।
सब जग की आंखों का तारा अपना हिंदुस्तान।
वीर सिपाही हम इसके, पग पीछे नहीं हटाते
साहस के पुतले आगे बढ़, सबको राह दिखाते।

**भाव :–** ..........................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

8. यदि आपको एक कमरे मे ज़ंजीर से बांधकर रखा जाए, परंतु खाने–पीने की सभी वस्तुएं दी जाएं। तो आप वहां बंधन में रहना पसंद करेंगे? यदि हां तो क्यों? नहीं तो क्यों? कम से कम पांच वाक्यों मे लिखिए।

**पोर्टफोलियो –**

आज़ादी से संबंधित कोई एक कविता किसी पुस्तक से लिखकर अपने पोर्टफोलियो में रखिए।

# पाठ 16
# हमर कतका सुंदर गाँव

प्र.(1) नीचे लिखे शब्दों के अर्थ अपनी भाषा में लिखिए।

(1) तुलसी का चौरा (2) साड़ी
(3) गौशाला (4) गन्ने का खेत (5) सहेली

प्र.(2) नीचे लिखे शब्दों के विपरीत अर्थ वाले शब्द (विलोम शब्द) अपनी भाषा में लिखिए।

(1) पास (2) नया
(3) उजला (4) बाहर (5) साफ

प्र.(3) नीचे लिखे शब्दों के अर्थ अपनी मातृभाषा में समझों और उन शब्दों का प्रयोग अपनी मातृभाषा में करके एक-एक वाक्य बनाइए।

(1) सुंदर (2) पहाड़
(3) तालाब (4) भूमि (5) पास

**पोर्टफोलियों –**

आपके परिवेश में आपकी भाषा में कई कविताएँ आपने सुनी होगी। ऐसी ही एक कविता की चार पंक्तियाँ लिखिए और उसे अपने पोर्टफोलियों में रखिए।

**प्रदत्त कार्य –**

**अपनी भाषा में इसी तरह की कोई एक कविता जिसे आपने सुनी हो, लिखिए।**

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

# पाठ 17
# चचा छक्कन ने केले खरीदे

**सही उत्तर चुनों और उसके सामने दिए गए डिब्बे में सही ( ✓ ) का निशान लगाओं।**

प्र.(1) 'औपचारिक' शब्द का विपरीत शब्द होगा –

अ. उपचारिक  ब. दुराचारी

स. अनौपचारिक  द. अत्याचारी

प्र.(2) 'अनुमति' शब्द का सही अर्थ है –

अ. प्रार्थना  ब. स्वीकृति

स. आदेश  द. अधीरता

प्र.(3) 'आग बबूला होना' एक मुहावरा है इसका मतलब होता है –

अ. अत्यधिक क्रोधित होना  ब. अत्यंत दुखी हो जाना

स. बहुत अधिक रोना  द. बहुत अधिक खुश हो जाना

प्र.(4) 'चिरंजीवी' शब्द में उपसर्ग है –

अ. चिर  ब. सि

स. जीवी  द. जी

प्र.(5) 'नीयत' का अर्थ 'इरादा' होता है तो 'नियत' का अर्थ होगा –

अ. निर्धारित  ब. नियमित

स. निर्मित  द. निश्चिन्त

प्र.(6) वाक्य पूरा कीजिए इमली का नाम सुनते ही मुँह में ........................ आ गया।

अ. पानी  ब. दूध

स. दही  द. लड्डू

प्र.(7) निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और इसमें से मुहावरों को छाँटकर उनका अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए –

हरीश बेहद ईमानदार किसान था। उसे एक दिन अपने खेतों में काम करते वक्त जमीन से सोने का कलश प्राप्त हुआ उसका मन बल्लियों उछालनें लगा। उसने चारों आरे सिर घुमाया कोई देख तो नहीं रहा। उसने कलश उठाया, उसे घर ले जाकर गढ्ढा खोदा और ठिकाने लाग दिया। उसकी नीयत में खोट आ गया था। अब उसकी काया पलट हो गई। अब उसके घर में रोज खीर–पकवान बनने लगे। पड़ोसी पूछते तो वह अपनी मेहनत का हवाला देता। पर उसका बड़ा भाई रमेश उसकी नस–नस से वाकिफ था। उसने उसे प्यार से समझाया कि तुम्हारी इस

हरकत से तुम्हारी बरसों की मेहनत अकारथ चली जाएगी, बेकार मिट्टी पलीद होगी। तुम्हें जो धन मिला है उसे अपने गांव की भलाई और बच्चों की शिक्षा के लिए लगाओं, हरीश की आंखे खुल गई। उसने वैसा ही किया अब वह पुनः ईमानदारी से जीवन बिताने लगा।

प्र.(8) 'बंतो रानी ने थैले में चार केले रखें।' इस वाक्य में 'थैला' शब्द है –

अ. विदेशी  ब. देशी  स. परदेशी  द. उर्दू

प्र.(9) यदि पीतल के बरतन इमली रगड़ने से चमक उठते हैं तो हमारे घरों में हम जिन बरतनों का उपयोग करते हैं उन्हें हम किन–किन चीजों से चमका सकते है?

प्र.(10) हम बाजार जाकर सामानों का दाम दुकानदार से बातचीत के बाद तय कर लेते हैं किन्तु थोड़ी ही देर बाद हम उसे और भी कम दाम में खरीदने की बात कहते हैं। यह मोलभाव करने की प्रक्रिया कहां तक सही है?

प्र.(11) घर में जब कोई त्यौहार मनाया जाता है तो खूब सारी मिठाईयाँ भी खरीदी / बनाई जाती है। क्या आप सारी मिठाई अकेले ही खा जाते हैं? यदि नहीं तो किसको कितनी मिठाई मिलेगी यह कौन तय करता है?

**पोर्टफोलियो –**

हँसी के कई रूप हैं। मंद–मंद हंसना, खिलखिलाकर हंसना, हंसते–हंसते लोटपोट हो जाना आदि इनके विभिन्न रूपों के चित्र नीचे दिए खानों में बनाईए और अपने फाईल में रखिए।

**प्रदत्त कार्य –**

'तकल्लुफ में तकलीफ ही तकलीफ है।'

इस वाक्य में 'त' वर्ण कई बार आया है इसी तरह अन्य कोई दस वाक्य ढूँढ कर लिखिए जिसमें कोई एक वर्ण कई बार आया है।

छोटी हास्य कथाओं के बारे में जानकर, पढ़कर उसे अपने साथियों को सुनाइये।

# पाठ 18
# हम पंछी उन्मुक्त गगन के

**निम्नलिखित अधूरे वाक्यों को पूरा कीजिए –**

प्र.(1) पक्षी ........................... में रहना पसंद नहीं करता है –

अ. जंगल ब. घोंसला स. पंजरे द. गगन

प्र.(2) परतंत्रता की ........................... बहुत दुखदायी होती है –

अ. पीड़ा ब. कष्ट स. सपना द. विघ्न

प्र.(3) आश्रय का अर्थ है –

अ. विश्वास ब. भोजन स. संदेह द. सहारा

प्र.(4) 'द्विज' शब्द का एक अर्थ है 'ब्राह्मण' और इसका दूसरा अर्थ होगा –

अ. पक्षी ब. पंख स. धन द. गोद

प्र.(5) 'श्रृंखला' शब्द का तद्भव रूप है –

अ. साँव ब. चाँद स. साँकला द. किवाड़

प्र.(6) 'आप आइए और आकर आराम कीजिए।' इस वाक्य में 'अ' वर्ण की आवृत्ति बार–बार हुई है। इस पंक्ति में अलंकार है –

अ. उपमा ब. उत्प्रेक्षा स. अनुप्रास द. यमक

प्र.(7) 'नील–गगन' मेंसमास है –

अ. उपमा ब. उत्प्रेक्षा स. अनुप्रास द. यमक

प्र.(8) 'परतंत्रता' से क्या मतलब है? अपने शब्दों में लिखिए।

प्र.(9) नीले आकाश उड़ता पंछी पिंजरे में रहना क्यों पसंद नहीं करता है? सोचिए और लिखिए।

प्र.(10) यदि आपको किसी एक सुविधायुक्त कमरे में बंद कर दिया जाए किन्तु आपको उस कमरे से बाहर नहीं निकलने दिया जाए तो आप कैसा महसूस करेंगे।

प्र.(11) 'उन्मुक्त गगन' से क्या तात्पर्य है?

प्र.(12) यदि आपको पक्षियों के समान पंख मिल जाऐं तो आप क्या करेंगे? कौन–कौन सी जगहों पर जाना चाहेंगे। कैसे उडेंगे? इन सारी बातों की कल्पना कीजिए और लिखिए।

**प्रदत्त कार्य –**

पं. शिवमंगल सिंह 'सुमन' की अन्य कविताओं को एकत्र कीजिए।

**पोर्टफोलियो –**

अनुप्रास अलंकार की ढेरों लाईनें इकट्ठी कीजिए और उसे अपनी फाइल में रखिए।

# पाठ 19
# नाचा के पुरखा-दाऊ मंदराजी

प्र.(1) नीचे लिखे अंग्रेजी शब्दों के अपनी भाषा में अर्थ लिखिए।

(1) स्टेज
(2) पेट्रोमेक्स
(3) हारमोनियम
(4) टॉकीज
(5) जोकर

प्र.(2) नीचे लिखे शब्दों के अर्थ अपनी भाषा में लिखिए और उनका अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

(1) मशाल
(2) बचपन
(3) पूर्वज
(4) पुराना
(5) जोकर

प्र.(3) नीचे लिखे शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द हिन्दी में लिखिए।

(1) आदमी
(2) चंद्रमा
(3) मित्र

प्रदत्त कार्य –

अपने–अपने गांव या क्षेत्र में कोई लोकनाट्य या कोई डाँस पार्टी देखी होगी। उसका वर्णन अपने शब्द में कीजिए।

पोर्टफोलियो –

आपके आसपास के क्षेत्र में या छत्तीसगढ़ में लोकनाट्य से जुड़े लोग अवश्य होंगे। उनके नामों को खोजकर उनकी सूची बनाइए और अपने पोर्टफोलिओं में रखिए।

# पाठ 20
# शहीद की माँ

प्र.(1) 'सरफरोशी' शब्द का अर्थ है –

(क) संदेश देना (ख) बलिदान देना

(ग) आजाद होना (घ) भाग जाना

प्र.(2) 'आजादी' शब्द का विलोम शब्द है –

(क) स्वंतत्रता (ख) खामोशी

(ग) गुलामी (घ) इनमें से कोई नहीं

प्र.(3) 'श्री गणेश करना' मुहावरे का अर्थ है –

(क) खत्म करना (ख) शुरू करना

(ग) पूर्ण करना (घ) काम न करना

प्र.(4) दिए गए शब्दों से रिक्त स्थान की पूर्ति करो।

(की, का, को, ने, में)

(1) मोहन ...................... अमरूद पसंद है।

(2) सीता ...................... गाना गाया।

(3) राम ...................... लिखाकर सुन्दर है।

(4) महानदी ...................... पानी बहुत ज्यादा है।

(5) रवि ...................... कमरा साफ है।

प्र.(5) भारत को आजादी दिलाने वाले किन्हीं पाँच शहीदों के नाम लिखिए।

प्र.(6) 15 अगस्त राष्ट्रीय पर्व पर जश्न मनाते हैं क्यों? लिखिए।

प्र.(7) तुम्हारे किस काम से तुम्हारी माँ को गौरव का अनुभव हुआ है? लिखिए।

प्र.(8) देश के लिए कौन सा काम करना चाहते हो, जिससे देश के साथ तुम्हारा नाम भी जाना जा सकें? लिखिए।

प्र.(9) देशभक्त किसको कहते है? लिखिए।

प्र.(10) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ों एवं नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर पर सही का चिन्ह लगाओं।

आजाद अपने देश को अपना परिवार समझते थे। ईश्वर ने उसी को आजाद कराने के लिए इस धरती पर भेजा था। माँ–बाप के प्यार को छोड़कर देश की सेवा में समर्पित होना आजाद के हृदय की महानता को सिद्ध करता है। उनकी रंगों में देश प्रेम के सिवा और कुछ नहीं था। देश से ही वे क्रांति की आग में कूदे और मातृभूमि को आजाद कराने का प्रयत्न करते रहे।

क्रांति के पथ पर अग्रसर होने से आजाद का मन पढ़ाई से विरक्त हो गया। उन्होंने अपने साथियों से अनुरोध किया कि वे अंग्रेजी हुकुमत के विरोध में उनका साथ दें। उनके मन में कई उमंगे अंगड़ाइयां ले रही थीं। वे देश की आजादी का सपना देखते और सपने को साकार करने के लिए अपना

सब कुछ दांव पर लगाने को तैयार रहते थे। उन दिनों गांधीजी का असहयोग आंदोलन जारी था। यह आंदोलन अहिंसात्मक रूप से जोर पकड़ रहा था। तभी एक घटना घटी आंदोलनकारियों ने गोरखपुर के चौरा–चौरी थाने में आग लगा दी। इसका कारण यह था कि आंदोलनकारी पुलिस के अत्याचारों से बड़े दुखी हो गए थे। वहां आग लगने से थाने का एक दरोगा और इक्कीस सिपाही जल कर राख हो गए।

प्र.(11) आजाद अपने देश को समझते थे –

(क) घर (ख) परिवार
(ग) मकान (घ) दुकान

प्र.(12) माँ–बाप के प्यार को छोड़कर समर्पित हो गए –

(क) देश की सेवा के लिए (ख) देश में घूमने के लिए
(ग) देश देखने के लिए (घ) देश से बाहर रहने के लिए

प्र.(13) क्रांति के पथ पर अग्रसर होने से आजाद का मन –

(क) पढ़ाई में लीन हो गया (ख) पढ़ाई से विरक्त हो गया
(ग) पढ़ाई में कमजोर हो गया (घ) पढ़ाई में होशियार हो गया

प्र.(14) उन्होंने अपने साथियों से अनुरोध किया कि –

(क) वे अंग्रेजी हुकूमत के विरोध में उनका साथ दें
(ख) वे अंग्रेजी हुकूमत के विरोध में उनका साथ न दें
(ग) वे अंग्रेजी हुकूमत के विरोध में कुछ न करें
(घ) वे अंग्रेजी हुकूमत के विरोध में कुछ न कहें

प्र.(15) असहयोग आंदोलन चलाया –

(क) सुभाष चंद्र बोस ने (ख) महात्मा गांधी ने
(ग) रामप्रसाद बिस्मिल ने (घ) पं. जवाहरलाल नेहरू ने

**पोर्टफोलियों –**

दो क्रांतिकारी नेता का चित्र बनाकर चिपकाओं।

**सर्वे कार्य –**

1. क्रांतिकारी नेताओं की सूची बनाओं।
2. पुलिस क्या–क्या कार्य करती है? माता–पिता से पूछकर लिखिए।

**प्रदत्त कार्य –**

तुम अपने देश के लिए क्या करना चाहोगे? लिखिए।

# पाठ 21
# सोनाखान की धरती

**खाली स्थानों की पूर्ति के लिए सही उत्तर की क्रम संख्या पर गोला लगाइए।**

प्र.(1) इनमें से 'सज्जन' शब्द का अर्थ होगा –

(1) सन् जन (2) सज् जन (3) सत् जन (4) स् जन

प्र.(2) इनमें से 'आग' शब्द के पर्यायवाची होंगे –

(1) अंबर, आकाश (2) अग्नि, पावक (3) नृप, नरेश (4) भानु, दिवाकर

प्र.(3) "रानी को अपनी सुंदरता पर घमंड था।" इस वाक्य में 'अभिमान' शब्द का समानार्थी शब्द है –

(1) अनजान (2) अपमान (3) अभिमान (4) अरमान

प्र.(4) 'विप्लवी' शब्द का अर्थ है –

(1) नाश करने वाला (2) विश्वास करने वाला (3) ताश खेलने वाला (4) तमाशा देशने वाला

प्र.(5) 'परम + ईश्वर' की संधि होगी –

(1) परम ईश्वर (2) परमाश्वर (3) परमेश्वर (4) परमीश्वर

प्र.(6) हमारे छत्तीसगढ़ में कई महापुरूषों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने जन्म लिया है। ऐसे कोई दो महापुरूषों के नाम लिखिए।

प्र.(7) नीचे लिखे गद्यांश को पढ़िए और प्रश्नों के सही उत्तरों पर सही का निशान लगाइए।

कर्मवीर मनुष्य का जीवन अत्यंत सुलभ रहता है। उसे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त होती है। उसका जीवन निरर्थक बनकर नहीं रह जाता। संसार की सुख–सम्पत्ति, वैभव–समृद्धि स्वयं ही कर्मण्य मनुष्य के पास चली जाती है। भयानक विपत्तियाँ और कठिनाईयाँ भी उसे अपने पथ से विचलित नहीं कर सकतीं।

प्र.(1) कर्मवीर मनुष्य का जीवन कैसा रहता है ?

(1) अत्यंत दुष्कर (2) अत्यंत सरल (3) अत्यंत सुलभ (4) अत्यंत दुर्लभ

प्र.(2) कौन–कौन सी चीजें उसे पथ से विचलित नहीं कर सकती –

(1) सफलताएं और सुख (2) सुख–सम्पत्ति
(3) सुलभता और चंचलता (4) विपत्तियाँ और कठिनाईयाँ

प्र.(3) संसार की सुख–सम्पत्ति किसके पास चली आती है –

(1) आलसी मनुष्य (2) अकर्मण्य मनुष्य (3) कर्मण्य मनुष्य (4) निश्चिंत मनुष्य

प्र.(4) कर्मण्य मनुष्य का जीवन कैसा बनता है ?

(1) निरर्थक (2) सार्थक (3) निश्चित (4) बेकार

**पोर्टफोलियों –**

भारत के कोई तीन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के चित्र लाकर अपने पोर्टफोलियों में रखिए।

**प्रदत्त कार्य –**

छत्तीसगढ़ में कितने जिले हैं? छत्तीसगढ़ के मानचित्र में ढूँढिए तथा सोनाखान नामक स्थान किस जिले में है? पता कीजिए।

# पाठ- 22
# हार की जीत

1. 'भलाई' शब्द का विलोम –

क. कड़ाई ख. बुराई ग. बड़ाई घ. कमाई

2. 'घोड़े' की आवाज –

क. हिनहिनाना ख. हिचकिचाना ग. मिनमिनाना घ. खिलखिलाना

3. निम्नलिखित अनुच्छेद में विराम चिन्ह छूट गया हैं, उन्हें निर्धारित स्थानों पर लगाकर अनुच्छेद को पूरा करो –

मृणालिनी की जिद को कुछ और लोगों ने भी हवा दी कैलाश मृणालिनी और अन्य मित्रों को साँपों के दरबे के आगे ले जाकर बीन बजाने लगा फिर एक–एक खाना खोलकर एक–एक साँप को निकालने लगा क्या कमाल था ऐसा जान पड़ता था कि साँप उसकी एक–एक बात मानते हैं उसने साँपों को हाथ में गले में डालना शुरू किया मृणालिनी घबरा रही थी एक मित्र ने व्यंग्य किया अजी दाँत तोड़ डाले होंगे।

4. 'जंगल में रहने वाले किन्हीं पाँच जानवरों के नाम लिखिएं।
5. किन्हीं पाँच पालतु पशुओं के नाम लिखिए।
6. तुम बड़े होकर क्या बनना चाहते हो? लिखिएं।
7. असहाय की मदद करना चाहिए। क्या तुमने ऐसे किसी असहाय की मदद की है? लिखिएं।
8. दौड़ प्रतियोगिता में तुम्हारी जीत हो, उसके लिए तुम क्या–क्या तैयारी करोगे? लिखिएं।

1. 'अरमान' शब्द का अर्थ –

क. अधिकार ख. अन्यथा ग. अभिलाषा घ. अफसोस

2. 'हाथ पांव फूल जाना' मुहावरे का अर्थ –

क. सो जाना ख. बीमार होना ग. घबरा जाना घ. भाग जाना

3. 'अस्तबल' का अर्थ –

क. घोड़ा के दौड़ने का स्थान ख. घोड़ा के बांधने का स्थान

ग. घोड़ा के चरने का स्थान घ. घोड़ा के सोने को स्थान

4. 'रमेश के भाई का नाम मोहन है' काल है –

क. वर्तमान काल ख. भूतकाल

ग. भविष्यकाल घ इनमें से कोई नहीं

5. 'गजराज' कहते हैं –

क. हाथी ख. घोड़ा ग. ऊँट घ. गधा

# पाठ 23
# आलसीराम

प्र.(1) 'यथा–नाम तथा गुण' कहावत का अर्थ है –
(अ) जैसा नाम है वैसा ही गुण
(ब) जैसे–जैसे काम करोगे गुण आता जाएगा
(स) गुण नहीं होगा तो नाम कहाँ से आएगा
(द) नाम तथा गुण साथ–साथ रहते हैं

प्र.(2) 'न जेठ में सूखना न भादों में हरा होना' कहावत का अर्थ है –
(अ) पौधे जेठ में सूखते हैं और भादों में हरे हो जाते हैं
(ब) पौधे न तो जेठ में सूखते हैं न भादो में हरे होते है
(स) सभी स्थितियों में एक जैसा व्यवहार
(द) हर मौसम में हरा–भरा होना

प्र.(3) 'रूसवाई' का शब्दार्थ है –
(अ) बदनामी (ब) नेक–नामी (स) रूसी भाषा (द) बालों का एक रोग

प्र.(4) 'कलिंदर' का समानार्थी हिन्दी शब्द है –
(अ) कलियों से भरी डाल (ब) तरबूज
(स) खरबूज (द) खीरा

प्र.(5) प्रातः का विलोम शब्द होगा –
(अ) प्रायः (ब) सायं (स) रात्रि (द) दोपहर

प्र.(6) अंगद 'अंगद' ही था में दूसरे अंगद के बारे में तुम क्या जानते हो लिखिए।

प्र.(7) गाँव का 'कूटना–पीसना' करके 'पेट पालना' का आशय क्या है?

प्र.(8) गाँव में पंचों की बैठक कर छोटे–मोटे मामले निपटाएं जाते हैं। पंचायत की बैठकों में और क्या–क्या काम होते हैं अपने शब्दों में लिखिए।

प्र.(9) कोई चोर यदि चोरी की जाने वाली वस्तु से ही पूछकर चोरी करें, उसी के ओर से उत्तर भी दें तो क्या–क्या परेशानियां होंगी? अपना उत्तर 3–4 पंक्तियों के भीतर लिखिए।

प्र.(10) आलसी और कर्म व्यक्ति की विशेषताएं इस तरह लिखिए कि उन दोनों की आपस में तुलना हो जाएं।

प्र.(11) 'मेहनत' और 'आलस' पर कुछ मुहावरें और लोकोक्तियां ढूँढकर लिखिए।

प्र.(12) इन विषयों पर कहानी लिखिए –
(अ) मेहनत का फल (ब) आलस का फल

प्र.(13) परिश्रम पर किसी कवि की लिखी गई हिन्दी अथवा छत्तीसगढ़ की कविता ढूँढकर लिखिए।

# पाठ 24
# हाना

प्र.(1) 'लोकोक्ति' के लिए सही छत्तीसगढ़ी शब्द है –

(अ) ताना (ब) हाना

(स) मुँह अखरा (द) लोक–नाचा

प्र.(2) 'अनपढ़' के लिए सही हिन्दी शब्द है –

(अ) अनपढ़ (ब) अनगढ़

(स) बहुत सा (द) अपवाद

प्र.(3) 'दरपन' के लिए तत्सम शब्द होगा –

(अ) दर्शन (ब) दर्प

(स) दर्पण (द) दर्श

प्र.(4) 'बउरना' शब्द का हिन्दी अर्थ है –

(अ) बौरा जाना (ब) आम में बौर लगना

(स) बैर हो जाना (द) व्यवहार में लाना

प्र.(5) 'हाना' का पर्यायवाची नहीं है –

(अ) कहावत (ब) मुहावरा

(स) माँजरा (द) लोकोक्ति

प्र.(6) 'चलनी म दूध दुहय करम ल दोस देवय' कहावत का अर्थ लिखें।

प्र.(7) 'रिस खाय बुध', 'बुध खाय परान' कहावत को स्पष्ट करें।

प्र.(8) 'एक ठन हर्रा गांव भर ल खोखी' 'हाना' की तरह अर्थ देने वाली एक हिन्दी की लोकोक्ति लिखिए।

प्र.(9) लोकोक्तियों में जीवन का सत्य उद्घाटित होता है। इस कथन पर अपने विचार लिखिए।

प्र.(10) छत्तीसगढी की 20 लोकोक्तियों का संकलन कर लिखिए।

प्र.(11) 'काम के न काज के दुश्मन अनाज के' इस हिन्दी लोकोक्ति के समान अर्थ वाली छत्तीसगढ़ी की एक लोकोक्ति लिखिए।

प्र.(12) लोकोक्तियों के पीछे अक्सर कोई कहानी होती हैं किसी एक लोकोक्ति को लिखकर उसके पीछे की कहानी लिखिए।

प्र.(13) 'धीर म खीर हे' यह हाना हमें कौन सी नैतिक शिक्षा देता है। छत्तीसगढ़ी और हिन्दी की ऐसी 3–3 अन्य लोकोक्तियां खोजकर लिखिए जिसमें नैतिक शिक्षा दी गई हो।

# वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर
## कक्षा – 6

### पाठ – 1 अभियान गीत
1. अ. (धूल के कण)
2. स. (जिसे गिना न जा सके)
3. द. (युद्ध)
4. अ. (झंडा)
5. स. (मेहनत)

### पाठ – 3 टोकरी भर मिट्टी
1. अ. (जिसके माता–पिता जीवित न हों)
2. द. (जिसके पति की मृत्यु हो गई हो वह स्त्री)
3. स. (रिश्वत लेना)
4. ब. (सच्चाई का ज्ञान हो जाना)
5. अ. (गर्वित)
6. स. (मृत जैसा)
7. ब. (महाराज माफ करें)
8. स. (मैं यह सोचूँगा)
9. द. (भर ली)
10. अ. (पछतावा)
11. स. (महल)
12. अ. (मिट्टी)
13. अ. (वकीलों)

### पाठ – 4 बरखा आथे
1. चिकारा अस
2. जोगिनी
3. खुसियाली
4. ओरमे
5. पनिहारिन

### पाठ – 5 सरलता और सहृदयता
1. क. (डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भारत के प्रथम राष्ट्रपति थे)
2. ग. (डॉ. राजेन्द्र प्रसाद अपने नौकर को काका कहते थे)
3. ख. (राजेन्द्र बाबू के नौकर ने कीमती कलमदान तोड़ दिया)
4. क. (डॉ. राजेन्द्र प्रसाद स्वभाव से बड़े उदार थे)
5. घ. (राजेन्द्र बाबू ने अपने नौकर से क्षमा माँगी)

### पाठ – 7 खरा इंसान
1. ग. (सर्प)
2. घ. (जहरीला)
3. ख. (तरफ)
4. ग. (क्या डॉ. चड्ढा कठोर व्यक्ति थे ?)
5. घ. (भगत)
6. ग. (तत्सम)

1. क. (1950 में)
2. ख. (आनंदवन)
3. ग. (गरीब और अमीर)
4. क. (बीमार व्यक्ति)

1. ख. (खुरदुरी और पपड़ीदार)
2. घ. (बीमारी दूर करने वाला)
3. ग. (कीटों से बचाव के लिए)
4. ग. (चर्म रोगों के लिए)
5. घ. (सदाबहार)

### पाठ – 8 हेलन केलर
1. ख. (ब्रेल लिपि)
2. घ. (लुई ब्रेल)
3. ख. (पुर्णतः असत्य है)
4. ख. (हेलन केलर)
5. ख. (सुधा चंदन)
6. क. (को)
7. ख. (रात के)
8. ख. (अरे! दीप्ति, तुम यहाँ कब आई ?)
9. घ. (निः संदेह)
10. स. (क्या)

### पाठ – 9 नीति के दोहे
1. क. (स्वर्ण)
2. क. (दुर्लभ)
3. ख. (मीठे वचन)
4. स. (क्या)

**पाठ – 10 समय नियोजन**

1. अ. (समय् अभाव)
2. अ. (शिव् आलय)
3. ब. (घर)

1. ख. (बरकत होती है)
2. क. (अकबर ने)
3. ख. (लगान)
4. ख. (खेत में)
5. ग. (आगरा)

**पाठ – 11 दू ठन नान्हें कहानी**

6. महंगी
7. मोती
8. संतान
9. बनिहार
10. सोन

**पाठ – 12 अमर शहीद भगत सिंह के पत्र**

1. स. (सरदार भगत सिंह)
2. ब. (क्रांति)
3. अ. (अचरज)
4. ब. (अनुमति)
5. स. (हानि)

**पाठ – 14 छत्तीसगढ़ का वैभव**

1. अ. (धान की)
2. स. (छत्तीसगढ़)
3. द. (छत्तीसगढ़)
4. स. (हिन्दू धर्म)
5. ब. (फागुन)
6. स. (बारसूर)
7. स. (बैल)
8. स. (राजिम)

1. ब. (राम–रहीम)
2. स. (आजीवन)
3. अ. (व्यंजन संधि)
4. अ. (निर्धन)

**पाठ – 15 आज़ादी और रोटी**

1. स. (भोजन)
2. द. (वर)
3. ब. (सांकल के कारण)
4. ब. (अपने रास्ते चल दिया)
5. द. (कुत्ता)
6. अ. (सच कह रहे हो)
7. ब. (ओष्ट–होंठ)
8. ब. (दुश्मनी)
9. स. (तुम यह सामान उठा लोगे)
10. द. (उत्तराधिकारी)

**पाठ – 17 चचा छक्कन ने केले खरीदे**

1. स. (अनौपचारिक)
2. ब. (स्वीकृति)
3. अ. (अत्यंत क्रोधित होना)
4. अ. (चिर)
5. अ. (निर्धारित)
6. अ. (पानी)
8. ब. (देशी)

**पाठ – 18 हम पंछी उन्मुक्त गगन के**

1. स. (पिंजरे)
2. अ. (पीड़ा)
3. द. (सहारा)
5. स. (साँकला)
6. स. (अनुप्रास)
7. अ. (उपमा)

**पाठ – 20 शहीद की माँ**

1. ब. (बलिदान देना)
2. ग. (गुलामी)
3. ख. (शुरू करना)
4. दिए गए शब्दों से रिक्त स्थानों की पुर्ति कीजिए :–
   1. को
   2. ने
   3. की
   4. में
   5. का
11. ख. (परिवार)
12. क. (देश की सेवा के लिए)

13. ख. (पढ़ाई से विरक्त हो गया)
14. क. (वे अंग्रेजी हुकूमत के विरोध में उनका साथ दें)
15. ख. (महात्मा गाँधी ने)

## पाठ – 21 सोनाखान की धरती

1. 3. (सत् जन)
2. 2. (अग्नि, पावक)
3. 3. (अभियान)
4. 1. (नाश करने वाला)
5. 3. (परमेश्वर)
    1. 1. (अत्यंत सुलभ)
    2. 4. (विपत्तियाँ और कठिनाईयाँ)
    3. 3. (कर्मण्य मनुष्य)
    4. 2. (सार्थक)

## पाठ – 22 हार की जीत

1. ख. (बुराई)
2. क. (हिनहिनाना)

1. ग. (अभिलाषा)
2. ग. (घबरा जाना)
3. ख. (घोड़े बाँधने का स्थान)
4. क. (वर्तमान काल)
5. क. (हाथी)

## पाठ – 23 आलसीराम

वार्षिक परीक्षा मॉडल उत्तर

कक्षा– 6

विषय – हिन्दी

सही विकल्प चुनकर लिखिए–

उत्तर 1: (अ)

उत्तर 2: (स)

उत्तर 3: (अ)

उत्तर 4: (स)

उत्तर 5: (स)

उत्तर 6: (स)

उत्तर 7: (द)

उत्तर 8: (अ)

उत्तर 9: (अ)

उत्तर 10: (स)

खाली स्थान भरिए–

उत्तर 11: वर

उत्तर 12: पानी

उत्तर 13: को

उत्तर 14: हाथी

उत्तर 15: मीठा

उत्तर 16: हमारा भारत देश सभी देशों से अलग और सबसे अच्छा है। हमारे देश में अनेक महापुरूषों ने जन्म लिया, जिन्होंने पूरे विश्व का मार्गदर्शन किया, इसलिए हमारा देश महान है। यह हमें आँखों की तरह प्यारा है। हम इस देश के वीर सिपाही हैं। हम इसकी रक्षा के लिए कभी पीछे नहीं हटते। हम साहसी हैं। हम सबका मार्गदर्शन करने के लिए हमेशा आगे रहते हैं।

उत्तर 17:

(अ) नीयत में खोट आना = चोरी करने की इच्छा होना

प्रयोग– नोट की गड्डी देख नौकर की नीयत में खोट आ गई।

(ब) काया पलट होना = स्थिति बदल जाना

प्रयोग– लॉटरी लगने के बाद रामू के घर की काया पलट गई।

(स) नस–नस से वाकिफ होना = आदत व्यवहार को जान लेना

प्रयोग– सोहन उसने मित्र के नस–नस से वाकिफ था।

(द) खीर–पकवान बनना = सुख के दिन होना

प्रयोग – नौकरी लग जाने के बाद भैया के घर खीर पकवान बनने लगे।

उत्तर 18: दूसरों के अधीन रहना पड़े तो उसे परतंत्रता कहते हैं। हम परतंत्र होने पर अपनी इच्छा से कुछ भी नहीं कर सकते हैं। सभी बातों के लिए स्वामी की इच्छा पर निर्भर रहना पड़ता है। परतंत्रता को पराधीनता या गुलामी भी कहते हैं। 15 अगस्त 1947 के पहले हमारा भारत देश भी परतंत्र था।

उत्तर 19: पीतल के बर्तनों को इमली से रगड़ने से वे चमक उठते हैं। इसी तरह काँसे के बर्तनों को राख से माँजने पर वे चमकते हैं। गाँव में कंडे की राख से बर्तन साफ किए जाते है। शहरों में स्टील के बर्तन उपयोग में लाए जाते हैं, जिन्हें बर्तन साफ करने के साबुन से साफ किया जाता है। सुविधा अनुसार अलग–अलग प्रकार के बर्तनों को अलग–अलग ढंग से साफ किया जाता है। मिट्टी के बर्तनों को केवल पानी से साफ किया जाता है।

उत्तर 20: रामप्रसाद बिस्मिलः आजादी की लड़ाई में रामप्रसाद बिस्मिल क्रांतिकारी दल के नेता थे। शहीद भगत सिंहः अंग्रेजी हुकूमत के घोर विरोधी शहीद भगत सिंह को अंग्रेजों ने फाँसी दे दी थी।

उत्तर 21: जंगल में ये जानवर रहते हैं – शेर, भालू, चीता, हाथी, हिरण, सिंह, सांभर, बारहसिंगा, नीलगाय, खरगोश, जंगली सुअर, वनभैंसा, चीतल, जिराफ, गेंडा, दरयाईघोड़ा, जेब्रा, भेड़िया, जंगली कुत्ता आदि।

उत्तर 22: छत्तीसगढ़ में 27 जिले हैं– कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर, सरगुजा, जशपुर, कोरबा, रायगढ़, जाँजगीर–चांपा, बिलसपुर, मुंगेली, कबीरधाम, बेमेतरा, बलौदाबाजार, महासमुंद, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बालोद, धमतरी, गरियाबंद, कांकेर, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागाँव, दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा।

उत्तर 23: गांव में पंचायत की बैठक में छोटे–छोटे मामले निपटाने के अतिरिक्त और भी काम किए जाते हैं। जैसे, किसी का विवाद हो तो उसका निपटारा किया जाता है। जरूरतमंद की आर्थिक सहायता की जाती है। गाँव की सुरक्षा के लिए कोटवार की नियुक्ति की जाती है। गाँव में स्कूल, अस्पताल, बिजली, पानी, सड़क, नाली निर्माण आदि के काम भी किए जाते हैं। शासकीय एवं विभिन्न त्यौहारों पर कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता है।

उत्तर 24:

1) मेहनत का फल हमेशा मीठा होता है।
2) मेहनत करने वालों की हमेशा जीत होती है।
3) जो व्यक्ति मेहनत करता है वह स्वस्थ रहता है।
4) मेहनत करने से पसीना निकलता है जो शरीर के लिए अच्छा है।

उत्तर 25: छत्तीसगढ़ के प्रमुख लोकनृत्य इस प्रकार हैं– सुवा नृत्य, राउत नाचा, करमा, गेंड़ी नाचा, आदिवासी नृत्य, डंडा नाचा, पंथी नृत्य आदि।

छमाही परीक्षा मॉडल उत्तर

कक्षा– 6

विषय – हिन्दी

सही विकल्प चुनकर लिखिए–

उत्तर 1: (अ)

उत्तर 2: (ब)

उत्तर 3: (अ)

उत्तर 4: (स)

उत्तर 5: (स)

उत्तर 6: (द)

उत्तर 7: (द)

उत्तर 8: (ब)

उत्तर 9: (अ)

उत्तर 10: (अ)

उत्तर 11: महल

उत्तर 12: ब्रेल

उत्तर 13: संतान

उत्तर 14: फागुन

उत्तर 15: धान

उत्तर 16: भारत माता के बेटे हम चलते सीना तान के
धर्म अलग हों, जाति अलग हों, वर्ग अलग हों, भाषाएँ,
पर्वत, सागर–तट, वन, मरूस्थल, मैदानों से हम आएँ।
फौजी वर्दी में हम सबसे पहले हिन्दुस्तान के,
भारत माता के बेटे हम चलते सीमा तान के।।

उत्तर 17: संसार में अनेक धर्म हैं। सभी धर्म हमें अच्छी शिक्षा देते है, इसलिए हमें सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए। किसी भी धर्म की निंदा नहीं करनी चाहिए। सभी धर्मों के प्रति समान भाव रखना ही सर्वधर्म समभाव कहलाता है।

उत्तर 18: जमींदार के महल के सामने एक झोपड़ी में विधवा बुढ़िया रहती थी।

उत्तर 19: बरखा के आए ले किसान मन अइसन काम करथें–

1) अपन खेत ला जोंतथे।
2) खेत मा धान ला बोथें।
3) धान के निंदई–बियासी करथें।
4) खेत में पानी पलोथें अउ खातू डारथें।

उत्तर 20: नेत्रहीन व्यक्ति बिना किसी सहारे के कहीं भी आना–जाना नहीं कर सकते। वे कुछ भी देख नहीं सकते। उनका जीवन अंधकारमय होता है। रंग, दृश्य के आनंद से वंचित रहते हैं।

उनका जीवन अत्यंत कष्टमय एवं बेसहारा जैसा होता है।

उत्तर 21: मीठे वचन बोलने से सुनने वाले सभी हमारे अपने हो जाते हैं। किसी से विवाद नहीं होता और चारों ओर शांति का वातावरण रहता है। इसलिए तुलसीदास जी ने मीठे वचन को वशीकरण मंत्र कहा है।

उत्तर 22: समय धन के समान है। अतः सावधानी और सतर्कता से हमें अपने समय को बचाकर उपयोग करना चाहिए। धन तो वापस आ जाता है किंतु गुजरा हुआ समय कभी वापस नहीं आता। समय का बजट बनाना जिसने सीख लिया उसने जीने की कला सीख ली। समय सुख की कुंजी है। समय बलवान है। जीवन में सफलता के लिए समय का सदुपयोग करना चाहिए। सब काम समय पर करना चाहिए। कोई भी काम कल पर नहीं टालना चाहिए। समय के सदुपयोग के लिए हमें समय सारिणी बना लेना चाहिए।

उत्तर 23: मेरा विद्यालय बहुत सुंदर है। मैं प्रतिदिन पढ़ने के लिए विद्यालय जाता हूँ। विद्यालय में हम रोज प्रार्थना करते हैं। दोपहर में खाना खाते हैं और पढ़ाई के समय पढ़ाई करते हैं। हमारे विद्यालय में खेलकूद भी होता है। हमारे विद्यालय के सभी शिक्षक बहुत अच्छे हैं क्योंकि वे हमें अच्छी तरह समझाकर पढ़ाते हैं। हम विद्यालय में सात विषय पढ़ते हैं। शनिवार को हमें व्यायाम सिखाया जाता है। बाकी के दिनों में शाम को हम विद्यालय में बागवानी भी करते हैं। छुट्टी के पहले राष्ट्रगान कराया जाता है। मुझे अपने विद्यालय से प्यार है।

उत्तर 24:

पूज्य चाचा जी,

सादर प्रणाम

समाचार ज्ञात हो कि मैं यहाँ कुशल हूँ तथा आशा करता हूँ कि आप सभी वहाँ सकुशल होंगे। मेरी पढ़ाई अच्छी चल रही है। छमाही परीक्षा में मुझे बहुत अच्छे अंक मिले। वार्षिक परीक्षा में भी अच्छे अंक मिलने की आशा है। मै पूरी कोशिश करूँगा कि इस साल भी परीक्षा में मुझे प्रथम स्थान प्राप्त हो।

बाकी सब ठीक है। पत्र जरूर लिखना

आपका भतीजा

क ख ग

उत्तर 25: हमारा देश 15 अगस्त सन् 1947 को स्वतंत्र हुआ था। तब से आज तक प्रतिवर्ष हमारे भारत देश में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के रूप में राष्ट्रीय पर्व मनाया जाता है। इस दिन विद्यालय में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। प्रातः बैंड बाजे के साथ जूलूस भी निकाला जाता ह। जूलूस में खूब मजा आता है। हम लोग जो–जोर से नारे लगाते हैं और गीत भी गाते है। सांस्कृतिक कार्यक्रम समाप्त होने के बाद विद्यालय में मिठाई बाँटी जाती है। सभी बच्चों को मिठाई मिलती है। हमारे घर के लोग भी कार्यक्रम देखने आते हैं । बहुत मजा आता है।

हमरे गुरूजी बताते हैं कि 15 अगस्त 1947 के पहले हमारा देश गुलाम था। भारत देश पर अंग्रेजों का शासन था। अंग्रेज लोग हम भारतीयों के साथ बुरा व्यवहार करते थे। आजादी के लिए हमारे देश के लाखों लोगों ने अपना बलिदान दिया। वर्षों तक आजादी की लडाई लड़ी गई तब हमें आजादी प्राप्त हुई है। हमें अपनी आजादी को बचाए रखने के लिए आपस में झगड़ा नहीं करना चाहिए तथा देश के प्रति ईमानदार रहना चाहिए। भारत माता की जय।

## वार्षिक परीक्षा प्रश्न पत्र

कक्षा – 6 पूर्णांक– 50

विषय– हिंदी समय– 3 घण्टे

निर्देश–

1) सभी प्रश्नों को हल करना अनिवार्य है।
2) प्रश्न क्र. 1 से 10 वस्तुनिष्ठ है, प्रत्येक पर 1 अंक है।
3) प्रश्न क्र. 11 से 15 रिक्त स्थान भरना है, प्रत्येक पर 1 अंक है।
4) प्रश्न क्र. 16 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक हैं। इनमें से कोई पाँच के उत्तर दें।
5) प्रश्न क्र. 22 से 25 तक प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक हैं। इनमें से कोई तीन के उत्तर दें।

सही विकल्प चुनकर लिखिए–

प्रश्न 1: इनमें से प्रश्नवाचक वाक्य है–

(अ) सच कह रहे हो? (ब) शहरों में कम जगह होती है
(स) ऐसी बात तो नहीं है (द) भेड़िया अपने रास्ते चल दिया

प्रश्न 2: 'साफ' का समानार्थी शब्द है–

(अ) पास (ब) नया
(स) उजला (द) बाहर

प्रश्न 3: 'आग बबूला होना' एक मुहावरा है, इसका मतलब होता है–

(अ) अत्यधिक क्रोधित होना (ब) अत्यंत दुखी हो जाना
(स) बहुत अधिक रोना (द) बहुत अधिक खुश हो जाना

प्रश्न 4: श्रृंखला शब्द का तद्भव रूप है–

(अ) साँव (ब) चाँद
(स) साँकला (द) किवाड़

प्रश्न 5: पेट्रोमेक्स है–

(अ) एक जानवर (ब) एक पौधा
(स) एक प्रकाश यंत्र (द)इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 6: 'आजादी' शब्द का विलोम शब्द है–

(अ) स्वतंत्रता (ब) खामोशी
(स) गुलामी (द) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 7: 'परम + ईश्वर' की संधि होगी–

(अ) परम ईश्वर (ब) परमाश्वर
(स) परमीश्वर (द) परमेश्वर

प्रश्न 8: घोड़े की आवाज है–

(अ) हिनहिनाना (ब) हिचकिचाना

(स) मिनमिनाना (द) खिलखिलाना

प्रश्न 9: 'रूसवाई' का शब्दार्थ है–

(अ) बदनामी (ब) नेक–नामी

(स) रूसी भाषा (द) बालों का एक रोग

प्रश्न 10: 'दरपन' के लिए तत्सम शब्द होगा–

(अ) दर्शन (ब) दर्प

(स) दर्पण (द) दर्श

खाली स्थान भरिए–

प्रश्न 11: ताकतवर शब्द में .................... प्रत्यय है।

प्रश्न 12: इमली का नाम सुनते ही मुँह में .................. आ गया।

प्रश्न 13: मोहनलाल ........................ अमरूद पसंद है।

प्रश्न 14: गजराज ....................... को कहते हैं।

प्रश्न 15: कलिंदर का स्वाद ....................... होता है।

प्रश्न 16: नीचे दी गई पंक्तियों के भाव स्पष्ट कीजिए।

देश हमारा सबसे न्यारा, प्यारा देश महान।
सब जग की आँखों का तारा अपना हिंदुस्तान।
वीर सिपाही हम इसके, पग पीछे नहीं हटाते।
साहस के पुतले आगे बढ़, सबको राह दिखाते।

प्रश्न 17: निम्न मुहावरों का अर्थ बताकर वाक्यों में प्रयोग करो।

(अ) नीयत में खोट आना

(ब) काया पलट होना

(स) नस–नस से वाकिफ होना

(द) खीर–पकवान बनना

प्रश्न 18: परतंत्रता से क्या मतलब है कम से कम चार वाक्यों में लिखिए।

प्रश्न 19: यदि पीतल के बर्तन इमली रगड़ने से चमक उठते हैं तो हमारे घरों में हम जिन बर्तनों का उपयोग करते हैं। उन्हें हम किन–किन चीजों से चमका सकते हैं?

प्रश्न 20: भारत को आजादी दिलाने वाले किन्हीं दो शहीदों के नाम लिखकर उनके बारे में एक–एक वाक्य लिखिए।

प्रश्न 21: जंगल में रहने वाले किन्हीं दस जानवरों के नाम लिखिए।

प्रश्न 22: छत्तीसगढ़ में कितने जिले हैं, कम से कम 10 जिलों के नाम लिखिए।

प्रश्न 23: गाँवों में पंचो की बैठक कर छोटे–मोटे मामले निपटाए जाते हैं। पंचायत की बैठकों में और क्या–क्या काम होते हैं अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 24: मेहनत के बारे में चार वाक्य लिखिए।

प्रश्न 25: छत्तीसगढ़ में प्रमुख लोकनृत्यों के नाम लिखिए।

## छमाही परीक्षा प्रश्न पत्र

कक्षा – 6 | पूर्णांक– 50

विषय– हिंदी | समय– 3 घण्टे

निर्देश–

1) सभी प्रश्नों को हल करना अनिवार्य है।
2) प्रश्न क्र. 1 से 10 वस्तुनिष्ठ है, प्रत्येक पर 1 अंक है।
3) प्रश्न क्र. 11 से 15 रिक्त स्थान भरना है, प्रत्येक पर 1 अंक है।
4) प्रश्न क्र. 16 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक हैं। इनमें से कोई पाँच के उत्तर दें।
5) प्रश्न क्र. 22 से 25 तक प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक हैं। इनमें से कोई तीन के उत्तर दें।

सही विकल्प चुनकर लिखिए–

प्रश्न 1: सर गिर जाएँ किंतु गिरने न देंगे देश के निशान को। यहाँ निशान का अर्थ है–

(अ) झण्डा (ब) शान
(स) शानदार (द) इशारा

प्रश्न 2: 'लड़ाई हो रही थी' इस वाक्य में कौन सा लिंग है–

(अ) पुल्लिंग (ब) स्त्रीलिंग
(स) उभयलिंग (द) कोई नहीं

प्रश्न 3: 'अनाथ' शब्द का अर्थ है–

(अ) जिसके माता–पिता जीवित न हों
(ब) जिसके हाथ न हों
(स) जिसके माता–पिता जीवित हों
(द) जिसका कोई रखवाला न हो

प्रश्न 4: गाँव के चारों ओर पानी ही पानी था। इस वाक्य में 'ओर' का अर्थ है–

(अ) और (ब) तरफ
(स) पानी (द) बहुत

प्रश्न 5: बाबा आमटे ने किसकी सेवा में अपने को समर्पित कर दिया–

(अ) अमीर और स्वस्थ (ब) गरीब और स्वस्थ
(स) गरीब और बीमार (द) अमीर और बीमार

प्रश्न 6: जो शब्द संस्कृत से जैसे के तैसे हिंदी में ले लिए गए हैं, वे कहलाते हैं–

(अ) तद्भव (ब) उद्भव
(स) तत्सम (द) उपसर्ग

प्रश्न 7: मेरे पास एक जहरीला साँप है। इस वाक्य में विशेषण है–

(अ) साँप (ब) पास
(स) मेरे (द) जहरीला

प्रश्न 8: 'विकलांग लोग कोई भी काम ठीक से नहीं पर पाते।' यह कथन–

(अ) पूर्णतः सत्य है (ब) पूर्णतः असत्य है

(स) कुछ सत्य है (द) कुछ असत्य है

प्रश्न 9: मनुष्य का जन्म कैसा है–

(अ) दुर्लभ (ब) सुलभ

(स) दुर्गम (द) अगम

प्रश्न 10: 'शिवालय' शब्द किन दो शब्दों से मिलकर बना है?

(अ) शिव + आलय (ब) शिवा + लय

(स) शिवा + आलय (द) शिव + लाय

खाली स्थान भरिए –

प्रश्न 11: जमींदार के ........................ के पास विधवा की झोंपड़ी थी। (तालाब / बगीचे / महल / कुएँ)

प्रश्न 12: नेत्रहीनों के लिए बनी लिपि को ........................ लिपि कहते हैं।(रोमन / ब्रेल / देवनागरी / ब्राह्मी)

प्रश्न 13: दाई–दादा के रतन ......................... ह होथे।(भगवान / संतान / इंसान / किसान)

प्रश्न 14: होली का त्यौहार ...................... महीने में मनाया जाता है।(कार्तिक / फागुन / उगहन / माघ)

प्रश्न 15: छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा....................... की उपज होती है।(धान / गेहूँ / चना / मक्का)

प्रश्न 16: कविता की लाइनों का पूरा कीजिए।

भारत माता के बेटे .........................

...................... सबसे पहले हिन्दुस्तान के

....................... सीना तान के।

प्रश्न 17: सर्व धर्म समभाव से आप क्या समझते हैं?

प्रश्न 18: 'जमींदार, विधवा, झोंपड़ी, महल' इन चारों शब्दों का प्रयोग करके एक ऐसा वाक्य बनाइए जिसमें चारों शब्द एक ही वाक्य में होने चाहिए।

प्रश्न 19: बरखा के आए ले किसान मन कौन–कौन काम करथे? कोनो चार ठन काम ला बतावव।

प्रश्न 20: सोचकर लिखिए कि एक नेत्रहीन व्यक्ति के जीवन में क्या–क्या कठिनाइयाँ आती होगी?

प्रश्न 21: तुलसी ने मीठे वचन को वशीकरण मंत्र क्यों कहा है?

प्रश्न 22: समय का महत्व पर दस वाक्य लिखिए।

प्रश्न 23: अपने विद्यालय के बारे में कम से कम दस वाक्यों में लिखिए।

प्रश्न 24: अपने चाचा को एक पत्र लिखिए जिसमें आपकी पढ़ाई के बारे में वर्णन हो।

प्रश्न 25: स्वतंत्रता दिवस के बारे में लिखिए।